अब सभी 75 जिलों में लागू होगी श्रमिक विद्या योजना

सीएम योगी ने श्रम विभाग की समीक्षा में दिए निर्देश, योजना के तहत 8 से 18 साल आयु वर्ग के कामकाजी बच्चों को भेजा जाएगा विद्यालय

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए सरकार ने बड़ा फैसला किया है। श्रम विभाग से संचालित बाल श्रमिक विद्या योजना को अब प्रदेश के सभी 75 जिलों में लागू करने का फैसला किया है। योजना के तहत 8 से 18 वर्ष की आयु के कामकाजी बच्चों को विद्यालय से जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा में रोजगार मिशन को वैश्विक अवसरों से जोड़ने पर जोर दिया। कहा, कोई भी श्रमिक परिवार का बच्चा आर्थिक मजबूरी से शिक्षा से वंचित न रहे। बाल श्रम प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर बच्चों को विद्यालयों से जोड़ा जाए। निजी क्षेत्र के सहयोग से इन बच्चों के कौशल विकास की भी कार्ययोजना बनाएं। बता दें, यह योजना वर्ष 2020 में शुरू हुई थी। इसके तहत 8 से 18 वर्ष के कामकाजी बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश के साथ आर्थिक सहायता दी जा रही है।

सीएम ने सेवामित्र व्यवस्था को रोजगार और जनसुविधा का अभिनव मॉडल बताते हुए कहा कि तकनीक आधारित ऐसी व्यवस्थाएं युवाओं और कुशल कामगारों के लिए नए अवसर तैयार करती हैं। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2021 से संचालित इस व्यवस्था के तहत लोग मोबाइल एप, वेब पोर्टल अथवा कॉल सेंटर से घरेलू सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में पोर्टल पर 1097 सेवा प्रदाता, 5049 सेवामित्र और 54747 कुशल कामगार पंजीकृत हैं।

बड़े व औद्योगिक शहरों में विकसित होंगे लेबर अड्डे

सीएम ने निर्माण श्रमिकों के लिए सभी औद्योगिक शहरों में प्रस्तावित श्रमिक सुविधा केंद्रों (लेबर अड्डों) को विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कानपुर के विष्णुपुरी में प्रस्तावित औद्योगिक श्रमिक प्रशिक्षण संस्थान और बेनाझाबर में छात्रावास योजना को कौशल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। कहा, उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करना समय की मांग है।

रोजगार मिशन को मिला भर्ती एजेंसी का लाइसेंस

बैठक में बताया गया कि रोजगार मिशन को विदेश मंत्रालय से भर्ती एजेंसी का लाइसेंस मिल गया है। लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी और कानपुर में आयोजित रोजगार कार्यक्रमों के माध्यम से 27555 युवाओं का चयन किया गया। इसमें 2300 युवाओं का चयन विदेश में रोजगार के लिए हुआ।

■ बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025-26 के दौरान प्रदेश में 3030 रोजगार मेलों और कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रमों के माध्यम से 3,74,776 अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। जर्मनी, जापान और स्लोवाक गणराज्य सहित विभिन्न देशों में रोजगार की संभावनाएं तलाशी गईं। जापानी, जर्मन और अंग्रेजी सहित विभिन्न भाषाओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने के लिए समझौते किए गए हैं।

राजस्व मुकदमों में देरी पर तय होगी अफसरों की जवाबदेही

सीएम ने कहा, राजस्व न्यायालयों की कार्यक्षमता को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, 22 लाख से घटकर 10 लाख हुए लंबित वाद

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजस्व मामलों का सही निपटारा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। भूमि और राजस्व से जुड़े विवाद सामाजिक सौहार्द से सीधे जुड़े होते हैं, इसलिए इन मामलों में देरी स्वीकार्य नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा के बाद भी लंबित रहने वाले मामलों में संबंधित अधिकारियों और कार्मिकों की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने शनिवार को राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के निस्तारण की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व न्यायालयों की कार्यक्षमता को और अधिक प्रभावी बनाया जाए ताकि आम नागरिक को शीघ्र न्याय मिल सके। निर्धारित समय सीमा से अधिक लंबित मुकदमों का अभियान चलाकर निस्तारण किया जाए। सीएम ने कहा कि तहसील और जनपद स्तर पर नियमित समीक्षा हो और कमजोर प्रदर्शन करने वाले जिलों की जवाबदेही तय की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली केवल आंकड़ों तक सीमित न रहे, बल्कि आम लोगों को वास्तविक राहत मिलनी चाहिए। ब्यूरो

भू उपयोग परिवर्तन में अमेठी समेत कई जिले पीछे

बैठक में बताया गया कि आरसीसीएमएस पोर्टल के माध्यम से धारा-80 (भू-उपयोग परिवर्तन) के अंतर्गत लंबित वादों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। 1 जनवरी को कुल 85158 वाद लंबित थे, जिनमें से 77578 का निस्तारण किया गया था। वहीं 22 मई तक कुल लंबित वादों की संख्या घटकर 38166 रह गई, जिनमें 29543 वादों का निस्तारण किया गया। धारा-80 के मामलों में बस्ती, चित्रकूट, अयोध्या, बागपत और कन्नौज ने बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि मेरठ, वाराणसी, अमेठी, गौतमबुद्धनगर और हापुड़ का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर पाया गया।

■ **दाखिल खारिज में रामपुर-मुरादाबाद का प्रदर्शन कमजोर :** बैठक में बताया गया कि धारा-34 (दाखिल खारिज) के अंतर्गत लंबित वादों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है। 1 जनवरी 2026 को कुल 2244466 वाद लंबित थे, जो 22 मई तक घटकर 1059139 रह गए। इस अवधि में 540945 वादों का निस्तारण किया गया। समीक्षा में बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अलीगढ़ और बदायूं का प्रदर्शन बेहतर पाया गया, जबकि गोरखपुर, संतकबीरनगर, प्रतापगढ़, बलिया और देवरिया अपेक्षित प्रगति नहीं कर सके।

पैमाइश में लखनऊ-अमेठी, कुर्रा बंटवारे में प्रतापगढ़-गोंडा पीछे

धारा-33 के अंतर्गत निर्विवादित वरासत के मामलों में 2025 में कुल 1689732 आवेदन मिले थे, जिनमें से 1643104 का निस्तारण किया गया। वहीं 22 मई तक प्राप्त 715872 आवेदनों में से 652512 का निस्तारण किया जा चुका है। धारा-24 (पैमाइश) के मामलों में गौतमबुद्धनगर, लखनऊ, प्रतापगढ़, अमेठी और मुजफ्फरनगर अपेक्षित प्रगति नहीं कर सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिन जिलों में प्रगति संतोषजनक नहीं है, वहां वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। धारा-116 (कुर्रा बंटवारा) में वाराणसी, एटा, आजमगढ़, लखीमपुर खीरी और महाराजगंज का प्रदर्शन बेहतर रहा, जबकि प्रतापगढ़, मुजफ्फरनगर, कानपुर नगर, गोंडा और बलिया का प्रदर्शन कमजोर पाया गया।

मौसम संबंधी चेतावनी व्यवस्था को और अधिक सटीक बनाएं : सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में मौसम संबंधी चेतावनी व्यवस्था को और अधिक तेज, सटीक और लोगों तक आसानी से पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने शनिवार को राहत एवं आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि समय पर दी गई सही जानकारी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान लोगों की जान बचा सकती है।

मुख्यमंत्री ने गांवों और संवेदनशील इलाकों में संचार व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने आईवीआरएस, पंचायत स्तर के लाउडस्पीकर, स्थानीय एफएम रेडियो, मोबाइल अलर्ट और सोशल मीडिया का ज्यादा उपयोग करने के निर्देश दिए।

कहा, समय पर दी गई जानकारी प्राकृतिक आपदाओं में लोगों की जान बचा सकती है

बैठक में 13 मई को आए तेज आंधी-तूफान की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मल्टी-हैजर्ड अर्ली वार्निंग सिस्टम द्वारा इस मौसम की गतिविधि पर सात दिन पहले से नजर रखी जा रही थी। पहले येलो वार्निंग जारी की गई, जिसे बाद में ऑरेंज वार्निंग और कई जिलों में रेड अलर्ट में बदला गया।

भदोही, प्रयागराज, फतेहपुर, लखनऊ, मिर्जापुर, रायबरेली, कानपुर नगर और उन्नाव समेत कई जिलों में लोगों के मोबाइल पर एसएमएस अलर्ट भी भेजे गए। मुख्यमंत्री ने स्कूलों, पंचायतों और गांवों में जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने पेड़ों, बिजली के खंभों और कमजोर ढांचों की सुरक्षा जांच कर जरूरी एसओपी तैयार करने को भी कहा।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 450 ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन और 2000 ऑटोमैटिक रेन गेज लगाए जा चुके हैं। कई शहरों में डॉप्लर वेदर रडार लगाने का काम भी जारी है। प्रदेश के 15 विभागों, सभी 75 जिलों तथा 20 प्रमुख नगरों के लिए डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान तैयार किए जा रहे हैं। ब्यूरो

रात में बिजली की मांग दोगुनी, कम मैनपॉवर से बढ़ा संकट

एक साथ कई फीडर खराब होने पर नहीं पहुंच पा रही मरम्मत टीम, उपकेंद्र पर तैनात सहायक अभियंता के सामने बड़ी चुनौती

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में गर्मी बढ़ने के साथ रात के समय बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है। अधिकारियों के मुताबिक रात में बिजली का लोड लगभग दोगुना हो जाता है, जिससे कई फीडर ओवरलोड हो रहे हैं। दूसरी तरफ रात में बिजली व्यवस्था संभालने के लिए कर्मचारियों की संख्या काफी कम रहती है। इससे फाल्ट ठीक करने और आपूर्ति बहाल करने में परेशानी बढ़ रही है।

उपकेंद्रों पर तैनात सहायक अभियंताओं ने बताया कि हाल के समय में संविदा कर्मचारियों की संख्या घटा दी गई है। पहले शहरों में बिजली निगरानी के लिए 36 संविदाकर्मी तैनात रहते थे, जिन्हें घटाकर 22 कर दिया गया है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में 20 की जगह केवल 12 कर्मचारी रह गए हैं।

दिन के समय कर्मचारियों को राजस्व वसूली, कागजी काम और अन्य जिम्मेदारियां भी निभानी पड़ती हैं। रात में केवल दो से तीन कर्मचारी ही ड्यूटी पर रहते हैं। ऐसे में किसी इलाके में फाल्ट आने पर टीम को पहुंचने, मरम्मत करने और वापस लौटने में दो से तीन घंटे लग जाते हैं। इस दौरान दूसरे क्षेत्रों की शिकायतें लंबित रहती हैं।

मैनपॉवर बढ़ाने से ही दूर होगा संकट : उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली संकट का सबसे बड़ा कारण मैनपॉवर की कमी है। उन्होंने निलंबित अभियंताओं को बहाल कर उपकेंद्रों पर तैनात करने और अतिरिक्त कर्मचारियों की व्यवस्था करने की मांग की। उनका कहना है कि कई सब स्टेशनों पर केवल तीन गैंग 24 घंटे की ड्यूटी संभाल रहे हैं जबकि एक सब स्टेशन से तीन से आठ फीडर जुड़े रहते हैं। एक साथ कई जगह खराबी आने पर एक गैंग सभी जगह समय पर नहीं पहुंच पाते। अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में बिजली उत्पादन और आपूर्ति पर्याप्त है। शनिवार को अधिकतम मांग 30,475 मेगावाट रही, जबकि इस वर्ष मांग 31,486 मेगावाट तक पहुंच चुकी है।

रात में ज्यादा भार वाले इलाकों में बढ़ेगी निगरानी



ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं निगम अध्यक्ष आशीष गोयल ने बिजली व्यवस्था की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि जिन इलाकों में रात में अचानक बिजली का भार बढ़ता है, वहां विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने उपकेंद्रों और संवेदनशील क्षेत्रों में पेट्रोलिंग बढ़ाने को कहा। उन्होंने कई जिलों के मुख्य अभियंताओं से ट्रांसफार्मर, ट्रिपिंग और सामग्री उपलब्धता की जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिया कि गर्मी के दौरान सामान्य शटडाउन न किए जाएं और फाल्ट की स्थिति में तुरंत मरम्मत सुनिश्चित की जाए।

बाराबंकी में लगेगी सब्जी प्रसंस्करण इकाई

लखनऊ। प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के तहत पांच नई परियोजनाओं को राज्य स्तरीय एम्पावर्ड कमेटी ने मंजूरी दे दी है। अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा की अध्यक्षता में हुई बैठक में छह नए प्रस्तावों पर विचार किया गया। इनमें से एक प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया।

मंजूर प्रस्तावों में कानपुर देहात में कार्बोनेटेड मदिरा निर्माण इकाई और मुजफ्फरनगर में जैविक गुड़ के क्यूब्स और ब्राउन व व्हाइट शुगर इकाई स्थापित होगी। एटा में चिकोरी प्रसंस्करण इकाई, बाराबंकी में जमे खाद्य पदार्थ और सब्जी प्रसंस्करण तथा हाथरस में कुट्टू और सौंफ प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की जाएगी। इन इकाइयों को स्थानीय किसानों से कच्चे माल की खरीद को प्राथमिकता देनी होगी। ब्यूरो

फर्जी डीएल बनवाने की जांच शुरू अधिकारियों पर गिर सकती है गाज

बस्ती में दलालों के जरिये 4500 से अधिक फर्जी डीएल बनवाने का मामला, चार सदस्यीय टीम खंगाल रही डाटा

लखनऊ। बस्ती में दलालों की ओर से 4500 से अधिक फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की जांच शुरू हो गई है। परिवहन आयुक्त की ओर से गठित चार सदस्यीय टीम डाटा खंगाल रही है। दलालों से मिलीभगत में अफसरों पर भी गाज गिर सकती है।

अमर उजाला ने 'बस्ती में दलालों ने बनवा डाले 4500 फर्जी डीएल, वसूले 4.75 करोड़' शीर्षक से बीती 27 अप्रैल को खबर प्रकाशित की थी। इसमें दलालों द्वारा अफसरों की मिलीभगत से अरुणाचल प्रदेश से आवेदकों की बैकलॉग एंट्री करवाकर बस्ती में डीएल बनवाने का मामला उजागर किया गया था। इसके बाद परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने उप परिवहन आयुक्त अयोध्या परिक्षेत्र को जांच सौंपी थी। इस टीम ने तकनीकी जांच की सिफारिश की थी।

इसके बाद अपर परिवहन आयुक्त डॉ. आरके विश्वकर्मा, उप परिवहन आयुक्त कानपुर परिक्षेत्र आरआर सोनी व एनआईसी डायरेक्टर पीयूष श्रीवास्तव की टीम बनाई गई है, जो डाटा की पड़ताल कर रही है। ब्यूरो

अफसरों की कार्यशैली पर सवाल

मामले की मुख्य आरोपी आरआई बस्ती सीमा गौतम को निलंबित किया जा चुका है। हालांकि, वाहनों के लोड से जुड़े एक पुराने मामले में उन्हें निलंबित किया गया है। इस पर अफसरों की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में है।

■ **इन जिलों में भी हो रही जांच :** बस्ती में दलालों ने गोरखपुर, मिर्जापुर, सुल्तानपुर, संतकबीरनगर आदि जिलों के आवेदकों के भी डीएल बनवाए हैं। लिहाजा इन जिलों में भी जांच करवाई जा रही है। बड़े रैकेट के उजागर होने की आशंका है। उधर, डीएल बनाने व प्रिंट करने वाली निजी एजेंसी सिल्वर टच पर कर्मचारियों से वसूली के मामले में अब बिजनौर विधायक अशोक कुमार राणा ने सीएम को पत्र लिखकर जांच की मांग की है।

बिजली संकट के बीच दो घंटे अतिरिक्त कार्य करेंगे कर्मी

लखनऊ। बिजली उपभोक्ताओं को संकट से बचाने के लिए उत्तर प्रदेश पॉवर ऑफिसर्स एसोसिएशन दो घंटे अतिरिक्त कार्य करेगा। इसके जरिये निलंबित अभियंताओं को तत्काल बहाल कर काम कर लगाने की मांग की जाएगी। यह फैसला शनिवार को हुई एसोसिएशन की बैठक में लिया गया। फील्ड हास्टल में हुई बैठक में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि ऊर्जा प्रबंधन बिजली व्यवस्था सुधारने व उपभोक्ताओं को राहत देने के बजाय अभियंताओं पर लगातार कार्रवाई कर रहा है। इस वजह से उपभोक्ताओं को चिलचिलाती गर्मी में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में तय किया गया कि एसोसिएशन से जुड़े दलित एवं पिछड़े वर्ग के सभी अभियंता संकट के दौर में दो घंटे अतिरिक्त काम करेंगे। दो घंटे अतिरिक्त कार्य करके निलंबित अभियंताओं की बहाली की मांग करेंगे। इस दौरान प्रस्ताव पारित करते ऊर्जा प्रबंधन से जुड़े अफसरों को भेजा गया। इसमें निलंबन जैसी कार्रवाई रोकने, निलंबित अभियंताओं को बहाल कर काम पर लगाने, तबादला प्रक्रिया रोकने की मांग की गई। बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष आरपीकेन, कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा, अजय कुमार, सुशील कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

LUCKNOW DEVELOPMENT AUTHORITY

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)

Vipin Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226010 (U.P.), Email id : ldacecivil@gmail.com

Tender No.: 29/ई–निविदा/मु0अ0/26 Date: 23.05.2026

REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)

Lucknow Development Authority invites proposals from experienced agencies for Designing, Building and Operation of a Wonder Park at Gomti Riverfront, Lucknow.

Detail of Works	Tender Fees	EMD	Important Date
Designing, Building and Operation of a Wonder Park at Gomti Riverfront, Lucknow.	INR 5,900 (Rupees Five Thousand Nine Hundred Only)	INR 20,000.00 (Rupees Twenty Thousand Only)	Bid Start Date: 27.05.2026, 12:00 hrs. Pre Bid Meeting Date: 10.06.2026,1300 hrs. Last date of submission of proposals: 24.06.2026, 1200 hrs. Date of opening of technical bid : 25.06.2026, 1500 hrs.
	• Date of opening of financial bid: To be communicated later		

The Request for Proposal (RFP) document can be downloaded from the **e-procurement** website **http://etender.up.nic.in.**

The Authority reserves the full right to change the terms and conditions in the RFP and scope herein and/or terminate the RFP process at any stage without assigning any reasons and without any prior notice and no claim of any nature from anyone in this regard shall be entertained.

CHIEF ENGINEER

अब 25 के बाद ही भाजपा संगठन पर होगा फैसला

राष्ट्रीय अध्यक्ष की गैरमौजूदगी से नहीं हो पाई बैठक, आज दिल्ली में हो सकती है अंतिम और निर्णायक बैठक

लखनऊ। भाजपा प्रदेश संगठन में बदलाव को लेकर चल रही बैठकों का दौर अभी दो दिन और चलेगा। शनिवार को होने वाली बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की गैर मौजूदगी से एक दिन और टल गई है। हालांकि, दिल्ली पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े के साथ उनके आवास पर दो घंटे से अधिक यूपी संगठन की सूची पर मंथन किया। सूत्रों का कहना है अब रविवार को होने वाली बैठक में सूची पर अंतिम मुहर लग सकती है। सूची 25 मई के बाद जारी हो सकती है।

दरअसल, संगठन में कई पदाधिकारी एक दशक से कब्जा जमाए हैं। कई पदाधिकारियों की छवि पर भी गंभीर सवाल उठते रहे हैं। इसे देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने ऐसे सभी पुराने पदाधिकारियों को बदलने का फैसला किया है। पर, कई बड़े नेता चहेतों को दोबारा संगठन में बनाए रखने और पदोन्नति दिलाने के लिए जोर लगाए हैं। सूत्रों का कहना है कि कई नेताओं ने चहेतों के लिए गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से सिफारिश करा रहे हैं। लेकिन प्रदेश नेतृत्व उन नामों पर सहमत नहीं है। इससे सहमति नहीं बन रही है। क्षेत्रीय अध्यक्षों और मोर्चों के पदाधिकारियों को लेकर भी पेंच फंसा है।

बता दें, संगठन में महामंत्री, उपाध्यक्ष, मंत्री, प्रवक्ता, मीडिया और युवा, अल्पसंख्यक और किसान मोर्चा के अध्यक्षों के साथ ही छह क्षेत्रीय अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए लखनऊ से लेकर दिल्ली तक कई बैठकें हो चुकी हैं। प्रस्तावित नामों पर अंतिम मुहर लगवाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष और महामंत्री संगठन तीन दिन से दिल्ली में डेरा डाले हैं। ब्यूरो

इसलिए भी असमंजस

संगठन के मुख्य पदाधिकारियों के ज्यादातर नामों पर तो सहमति बन गई है, पर कुछ नामों पर असमंजस है। ऐसे ही क्षेत्रीय अध्यक्षों को बदलने और उनको समायोजित करने पर भी सहमति नहीं बन पाई है। केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश नेतृत्व से अनुषांगिक मोर्चों के अध्यक्षों के नाम भी मांगे हैं। इन पदों पर भी दावेदारों की भीड़ ने मामला उलझा दिया है। सूत्रों का कहना है कि रविवार या सोमवार तक सभी अनुषांगिक संगठनों के अध्यक्षों और अन्य पदाधिकारियों की सूची को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

पोषण प्रहरी बनीं रसोइयों को किया जा रहा प्रोत्साहित

लखनऊ। परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाई के साथ पोषण और संस्कार भी दिया जा रहा है। इस काम में अहम भूमिका निभाने वाली रसोइयों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकार रसोइयों को पोषण प्रहरी के रूप में पहचान दिला रही है। इसके लिए जिलों में रसोइया पाक-कला प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (पीएम पोषण योजना) के तहत 1.42 लाख विद्यालयों में 1.46 करोड़ बच्चों को मिड-डे मील दिया जा रहा है। इस काम लगीं रसोइयों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसमें प्रथम पुरस्कार 3500 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 2500 रुपये व तृतीय पुरस्कार 1500 रुपये दे रहे हैं। वाराणसी में हुई प्रतियोगिता में रसोइयों ने स्वाद, स्वच्छता और पौष्टिकता के बेहतर समन्वय का प्रदर्शन किया। ब्यूरो

एफआईआर कराकर नहीं दबा पाएंगे दलितों की आवाज : अजय राय

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सरकार एफआईआर दर्ज कराकर दलितों, बेटियों और गरीबों की आवाज को नहीं दबा पाएगी। एक नहीं सैकड़ों एफआईर दर्ज करा दें लेकिन महोबा की दलित बेटी को न्याय मिलना चाहिए। सीएम न्याय दिलाएं। उन्होंने कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलता है तब तक वे चुप नहीं बैठने वाले हैं। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता बेटियों को न्याय दिलाने के लिए तैयार है। हम घर नहीं बैठेंगे और न ही सरकार से डरने वाले हैं। जल्द ही सभी जिलों में दलितों के उत्पीड़न के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे अपने बयान पर अडिग हैं। उन्होंने ऐसी कोई बात नहीं कही है जो गलत हो। भाजपा के लोग बलात्कारियों को बचा रहे हैं। ब्यूरो

परीक्षाएं टालने की मांग

लखनऊ। प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच विश्वविद्यालयों की सेमेस्टर परीक्षाएं जून में न कराने की मांग उठी है। कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ. अमित कुमार राय ने इस संबंध में मुख्यमंत्री और राज्यपाल को पत्र लिखा है। उन्होंने अन्य परीक्षाओं को भी स्थगित करने की मांग की है। पत्र में कहा है कि जिलों में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है। ऐसे में जून में परीक्षाएं कराना छात्रों व शिक्षकों के साथ अन्याय है। ब्यूरो

गैरपंजीकृत लोगों की संपत्तियों की भी हो जांच : अखिलेश

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि असली शस्त्र के तो लाइसेंस बनते हैं, लेकिन कुछ अदृश्य शस्त्र भी हैं, जो गुप्त रूप से देश, समाज और आपसी प्रेम पर अंदर से घातक हमला कर रहे हैं। उन्होंने आरएसएस का नाम लिए बिना कहा कि इस बात का भी कानूनी पहलू समझाया जाए कि गैर पंजीकृत लोग जमीन किसके नाम लेकर अपना निर्माण करते हैं और ये संपत्तियां कैसे बेनामी नहीं हैं। अखिलेश ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि वकीलों का कहना है कि भाजपा वालों के घर, दुकान, कार्यालय और प्रतिष्ठान के कागज-नक्शे मंगाकर उनकी वैधता की भी जांच की जाए। चंदे का हिसाब भी मांगा जाए और उसका ऑडिट हो। उन्होंने कहा कि ऐसे निर्माणों को कार्यालय कहा जाए या अड्डा। इन संगी साथी अवैध लोगों का खर्चा पानी कौन उठाता है। ये तथाकथित स्वदेशी संगी साथी विदेश भ्रमण करने क्यों जाते हैं। औपनिवेशिक काल से किसकी कठपुतली हैं। वकील ये भी पूछ रहे हैं कि अब ये संगी साथी किस नई साजिश के तहत मानस के मान पर लाठियां चलवा रहे हैं।

सपा अध्यक्ष ने बिना नाम लिए आरएसएस पर साधा निशाना

■ **वाराणसी में सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग करेगी सपा :** अखिलेश यादव ने शनिवार को वाराणसी और चंदौली के प्रमुख नेताओं व पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रणनीति तैयार की गई है। बैठक में बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग और जनसंपर्क अभियान को तेज करने पर सहमति बनी। अखिलेश यादव ने कहा कि आगामी चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का अवसर नहीं, बल्कि प्रदेश के विकास की दिशा तय करने का निर्णायक क्षण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच जाकर सपा की नीतियों, उपलब्धियों और दृष्टिकोण को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करें। सपा कार्यकर्ता और बूथ प्रहरी सतर्क रहें। भाजपा अब भी मतदाता सूची में हेराफेरी की साजिश कर सकती है। ब्यूरो

प्रदेश में बढ़े जातिगत हमले : सुधाकर

लखनऊ। भाकपा (माले) ने प्रदेश में दलितों का उत्पीड़न और जातिगत हमलों के बढ़ने का आरोप लगाया है। पार्टी के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने शनिवार को जारी बयान में हमीरपुर की घटना का जिक्र करते हुए इसे घोर जातिवादी मानसिकता का सबूत बताया। उन्होंने कहा कि दलित युवक का स्वाभिमान से जीना सामंती ताकतों को बर्दाश्त नहीं हो रहा। ब्यूरो

बैंक ऑफ इण्डिया Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालयः "स्टार हाऊस" विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010, फोनः 0522–2721512

ई-नीलामी सूचना

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना नियम 8 (6)

यह ई–नीलामी बिक्री सूचना वित्तीय परिसम्पत्तियों की प्रतिभूतिकरण एवम् पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के अधीन बैंक के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए है। इस नोटिस के माध्यम से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (कर्ताओं) और ज़मानतकर्ता (कर्ताओं) को सूचित किया जाता है कि बैंक मे बंधक अचल सम्पत्तियों जिनका विवरण नीचे दिया गया है तथा जिनका सांकेतिक कब्ज़ा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा गया है को 'जैसा हैं, जहां है', 'जो हैं, जैसा है' तथा 'जो कुछ भी है, के आधार पर विक्रय की जायेगी।

ईएमडी / दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 24.06.2026 को सायं 05:00 बजे तक

ई-नीलामी की तिथि एवं समय 25.06.2026, प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक

क्र. सं.	खातेदार/जमानतकर्ता का नाम एवं पता/बकाया राशि	अचल सम्पत्तियों का विवरण एवं कब्ज़ा की स्थिति	निर्धारित आरक्षित मूल्य/अग्रिम धनराशि (₹)
	शाखाः महानगर, लखनऊ, मुख्य प्रबंधक, श्री दिनेश कुमार श्रीवास्तव, मो.: 9044066421		
1.	**मेसर्स एसआरएन इंडस्ट्रीज,** पता– गाटा संख्या 239, ग्राम–केवाड़ी, परगना एवं तहसील नवाबगंज, जिला– बाराबंकी, उत्तर प्रदेश **पार्टनर्स–1) श्री शैलेश उपाध्याय (पार्टनर),** पता– 639/5, ठाकुर विहार कॉलोनी, फरीदीनगर, पिकनिक स्पॉट रोड, लखनऊ–226015 **2) श्रीमती रचना उपाध्याय (पार्टनर),** पता– 639/5, ठाकुर विहार कॉलोनी, फरीदीनगर, पिकनिक स्पॉट रोड, लखनऊ–226015 **3) श्री नरेंद्र श्रीवास्तव (पार्टनर),** पता–सी–1361/3, इंदिरानगर, लखनऊ–226016 **मांग सूचना की तिथिः 21.10.2025, बकाया धनराशिः ₹1,43,69,256.65 +**ब्याज एवं अन्य खर्चे	गाटा संख्या 239, ग्राम–केवाड़ी, परगना एवं तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी, उत्तर प्रदेश में स्थित प्लांट एवं मशीनरी। **विवरण निम्नानुसार है–: स्वामी– मेसर्स एसआरएन इंडस्ट्रीज प्लांट एवं मशीनरी का विवरण**–प्रत्येक 13 प्लांट एवं मशीनरी उपकरण अन्य सहायक उपकरणों सहित (कब्जा–सांकेतिक)	₹ 45,44,000/– ₹ 4,54,400/–
	शाखाः ऐशबाग, लखनऊ, मुख्य प्रबंधक, श्री जिग्नेश चंद्र मिश्रा, मो.: 6394459883		
2.	**1) मेसर्स कोमल एग्रो इंडस्ट्रीज,** ग्राम–नई बस्ती, भिठौरा, नारायणपुर चौराहे के पास, तहसील–मलिहाबाद, थावर रोड मॉल, लखनऊ–227111 **प्रोप. श्रीमती कोमल यादव पत्नी श्री उमेश कुमार यादव के माध्यम से 2) श्रीमती कोमल यादव पत्नी श्री उमेश यादव** पता– 1/596 विशाल खंड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 (प्रोप.) **3) श्रीमती प्रेमवती यादव पत्नी श्री शरद प्रसाद यादव,** पता–1/596 विशाल खंड 1, गोमती नगर, लखनऊ–226010 (ज़मानतकर्ता/बंधककर्ता) **मांग सूचना की तिथिः 11.08.2023, बकाया धनराशिः ₹39,99,181.06 +**ब्याज एवं अन्य खर्चे	साम्यिक बंधक सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित खसरा संख्या 478/05 स के भाग पर निर्मित औद्योगिक भवन स्थित ग्राम नई बस्ती बिठौरा, नाराणपुर चौराहा के पास, तहसील–मलिहाबाद, थावर रोड, माल, लखनऊ, **मालिकः श्रीमती प्रेमवती यादव पत्नी श्री शारदा प्रसाद यादव, क्षेत्रफलः 0.43 हेक्टेयर, चौहद्दीः –पूर्वः** थॉवर जानकीपुर लिंक रोड उसके बाद राम प्रसाद की भूमि, **पश्चिमः** हीरा लाल की भूमि, **उत्तरः**श्रीमती केशना की भूमि, **दक्षिणः** बहादुर की भूमि (कब्जा–सांकेतिक)	₹ 44.00 लाख ₹ 4.40 लाख

नियम एवं शर्तेंः बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित क्रेडिटर के वेब पोर्टल पर दिए गए लिंक को देखें i.e.https://www.bankofindia.bank.in, https://baanknet.com अधिक जानकारी के लिए सम्बन्धित एजीएम/मुख्य प्रबंधक / शाखा प्रबंधक को ऊपर दी गई शाखाओं व उनके फोन नम्बर पर सम्पर्क करें। नोट–न्यूनतम स्वीकार्य बोली आरक्षित मूल्य (आरपी) से रू. 10,000/– उपर होगी।

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), नियम 2002 के नियम 8(6) के तहत वैधानिक 30 दिनों की बिक्री सूचना

दिनांकः 22.05.2026 | स्थानः लखनऊ | प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया

लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0) टोल-फ्री: 1800 1800 5000, वेबसाइट: http://www.ldalucknow.in

-: सार्वजनिक सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है:–

क्र सं.	मूल आवंटी का नाम	भवन/भूखण्ड संख्या	योजना का नाम	मृत्यु दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम	मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध
1.	स्व0 शाहीन रिजवी (आवंटी)	भूखण्ड सं0 5/654	सेक्टर–5 गोमती नगर विस्तार	20.12.2022	श्रीमती सनोबर रिजवी (पुत्री)	श्री अजमत मेंहदी	पति
2.	स्व0 मंजू यादव (मृतक)	भूखण्ड सं0 395	से0–एन, बसन्त कुन्ज हरदोई रोड योजना	02.04.2023	श्री राम कुमार	श्री अंकित यादव, श्री अभिषेक यादव, कु0 इंदू यादव, कु0 प्रियांशी यादव	पति, पुत्रगण एवं पुत्रियाँ
3.	श्री रमेश दुलानी	दुकान सं0 बी–39	जनपथ मार्केट हजरतगंज	22.09.2025	श्री हिमांशु दुलानी (वसीयत के आधार पर)	------	पुत्र
4.	स्व0 अलका अवस्थी	फ्लैट सं0 206	बी–ब्लॉक, लाप्लास योजना, हजरतगंज	29.08.2010	श्री आदित्य कृष्ण (पुत्र)	श्री आलोक अवस्थी (पिता)	पुत्र
5.	स्व0 त्रिवेणी देवी	भवन सं0 A-1/10	सेक्टर–एफ जानकीपुरम योजना	06.07.2021	श्रीमती पुष्पा त्रिपाठी (पुत्रवधू)/सहक्रेता	(1) श्री वीरेन्द्र नाथ त्रिपाठी (पुत्र) (2) श्री राघवेन्द्र नाथ त्रिपाठी (पुत्र)	पुत्रवधू/सहक्रेता

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कालम–6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

HINDUJA HOUSING FINANCE LIMITED

Corporate Office:No. 167-169, 2nd Floor, Anna Salai, Saidapet, Chennai-600015, and Branch office: at F8 First Floor Mahalaxmi Metro Tower Sector 4 Vaishali Ghaziabad. 201019. Authorized Officer's: Sh. Rakesh Gupta (ZRM), M.9873925255; Mr. Arun Mohan Sharma (ALM), M.8800898999; Mr. Amit Kaushik (RRM), M.9587088333. Email Id:- auction@hindujahousingfinance.com

NOTICE OF SALE THROUGH PRIVATE TREATY

Sale Of Movable & Immovable Assets Charged To HHFL Under The Securitisation And Reconstruction Of Financial Assets And Enforcement Of Security Interest Act 2002 (SARFAESI ACT).

The undersigned as Authorized Officer of HHFL has taken over possession of the schedule property us/ 13(4) of the SARFAESI Act. Public at large is informed that the secured property as mentioned in the Schedule are available for sale through Private Treaty, as per the terms agreeable to HHFL for realization of it's dues on **"AS IS WHERE IS BASIS" and "AS IS WHAT IS BASIS".**

Standard terms & conditions for sale of property through Private Treaty are as under: 1. Sale through Private Treaty will be on **"AS IS WHERE IS BASIS" and "AS IS WHAT IS BASIS". 2.** The purchaser will be required to deposit 25% of the sale consideration on the next working day of receipt of HHFL's acceptance of offer for purchase of property and the remaining amount within 15 days thereafter. **3.** The purchaser has to deposit 10% of the offered amount along with application which will be adjusted against 25% of the deposit to be made as per clause (2) above. **4.** Failure to remit the amount as required under clause (2) above will cause forfeiture of amount already paid including 10% of the amount paid along with application. **5.** In case of non-acceptance of offer of purchase by the HHFL, the amount of 10% paid along with the application will be refunded without any interest. **6.** The property is being sold with all the existing and future encumbrances whether known or unknown to HHFL. The Authorized Officer / Secured Creditor shall not be responsible in any way for any third-party claims / rights / dues. **7.** The purchaser should conduct due diligence on all aspects related to the property (under sale through private treaty) to his satisfaction. The purchaser shall not be entitled to make any claim against the Authorized Officer / Secured Creditor in this regard at a later date. **8.** HHFL reserves the right to reject any offer of purchase without assigning any reason. **9.** In case of more than one offer, HHFL will accept the highest offer. **10.** The interested parties may contact the Authorized Officer for further details / clarifications and for submitting their application on or before 08.06.2026. The Process shall be concluded on 10.06.2026. **11.** The purchaser has to bear all stamp duty, registration fee, and other expenses, taxes, duties in respect of purchase of the property. **12.** Sale shall be in accordance with the provisions of SARFAESI Act / Rules.

Schedule Description Of The Property (secured Asset): Residential Plot/house On Land Area Measuring 25 Sq. Yards i.e. 20.90 Sq. Meters i.e. 225 Sq. Ft., Out Of Khasra No. 792, Situated At Raja Garden Phase-1, Meerpur Hindu, Pargana And Tehsil Loni, Dist. Ghaziabad, U.P.-201102. Boundries:-East:-Se-road 10 Ft. wide, West- NW- Other Plot, North- NE-House Of Vimala, South- SW-Other Plot	**Reserve Price: Rs. 5,50,000/- (Rupees Five Lakh Fifty Thousand Only)**

Place: Ghaziabad Date : 24.05.2026 Sd/- Authorised Officer- HINDUJA HOUSING FINANCE LIMITED

FORM B
PUBLIC ANNOUNCEMENT

(Regulation 12 of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Liquidation Process) Regulations, 2016)

FOR THE ATTENTION OF THE STAKEHOLDERS OF AMBRO ASIA PRIVATE LIMITED

RELEVANT PARTICULARS

S.	PARTICULARS	DETAILS
1	Name of corporate debtor	**Ambro Asia Private Limited**
2	Date of incorporation of corporate debtor	27/06/2007
3	Authority under which corporate debtor is incorporated / registered	Registrar of Companies, Delhi
4	Corporate Identity No. / Limited Liability Identification No. of corporate debtor	CIN: U74140DL2007PTC165276
5	Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor	**Regd. Office: -** 16/17 S/F LSC Road, Infront 14 to 23 LSC Madangir, Opposite ESPN Sports New Delhi – 110062
6	Date of closure of Insolvency Resolution Process	21.05.2026
7	Liquidation commencement date of corporate debtor	21.05.2026
8	Name and registration number of the insolvency professional acting as liquidator	**Name: -** Pradeep Kumar **IBBI Registration Number: -** IBBI/IPA-001/IP-P-02583/2021-2022/13981
9	Address and e-mail of the liquidator, as registered with the Board	**Pradeep Kumar Address** – EK-147, Eklavya Vihar, Sector –9, Vasundhara, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201012. **Email-** pradeep.iprv@gmail.com
10	Address and e-mail to be used for correspondence with the liquidator	**Address** – EK-147, Eklavya Vihar, Sector –9, Vasundhara, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201012. **Email-**cirpofambroasia@gmail.com
11	Last date for submission of claims	20.06.2026

Notice is hereby given that the National Company Law Tribunal, New Delhi Court VI has ordered the commencement of liquidation of the **Ambro Asia Private Limited on 21.05.2026.**

The stakeholders of **Ambro Asia Private Limited** are hereby called upon to submit their claims with proof on or before **20.06.2026** to the liquidator at the address mentioned against item No.10.

The financial creditors shall submit their claims with proof by electronic means only. All other creditors may submit the claims with the Proof in person, by post or by electronic means.

Submission of false or misleading proof of claims shall attract penalties.

In case a stakeholder does not submit its claims during the liquidation process, the claims submitted by such a stakeholder during the corporate insolvency resolution process under the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016, shall be deemed to be submitted under section 38.

Sd/-
Pradeep Kumar
Liquidator
In the matter of Ambro Asia Private Limited
IBBI/IPA-001/IP-P-02583/2021-2022/13981

Date: 23.05.2026
Place: Vasundhra, Ghaziabad

SITAARA HOUSING FINANCE LTD

(Formerly known as Sewa Grih Rin Ltd)
Registered office: 1st Floor, 216/C-12, Old No. C-12, Plot No. 13-B, Guru Nanak Pura, Laxmi Nagar, Delhi - 110092- Delhi - India

